मुख्यमंत्री का कार्यालय
(जनसंपर्क कोषांग)
बिहार सरकार
प्रेस विज्ञप्ति

संख्या–cm-76
13/02/2020

मुख्यमंत्री ने आगरा–लखनऊ एक्सप्रेस वे पर भदान गांव के पास हुये बस हादसे पर गहरा दुख व्यक्त किया है, हादसे में मृत लोगों के परिजनों के प्रति गहरी संवेदना व्यक्त की है

पटना 13 फरवरी 2020 :– मुख्यमंत्री श्री नीतीश कुमार ने उत्तर प्रदेश के आगरा–लखनऊ एक्सप्रेस वे में फिरोजाबाद और इटावा जिले की सीमा के समीप भदान गांव के पास हुये बस हादसे पर गहरा दुख व्यक्त किया है। मुख्यमंत्री ने हादसे में मृत लोगों के परिजनों के प्रति गहरी संवेदना व्यक्त की है एवं दुख की इस घड़ी में मृतक के शोक संतप्त परिजनों को धैर्य धारण करने की शक्ति प्रदान करने की ईश्वर से प्रार्थना की है।

मुख्यमंत्री ने दुर्घटना में घायल हुये लोगों के शीघ्र स्वस्थ्य होने की भी ईश्वर से कामना की है।

मुख्यमंत्री श्री नीतीश कुमार ने इस दुर्घटना में बिहार के रहने वाले मृतकों के आश्रितों को 02 लाख रूपये अनुग्रह अनुदान एवं गंभीर रूप से घायल व्यक्तियों के परिजनों को 50 हजार रूपये मुख्यमंत्री राहत कोष से देने की घोषणा की है। साथ ही संयुक्त श्रमायुक्त, बिहार भवन, नई दिल्ली को हादसे में घायल लोगों की समुचित इलाज की व्यवस्था करने के लिए घटनास्थल पर भेजा गया है।

******